समय

# निर्दलीय प्रत्याशियों के आगे भाजपा,कांग्रेस के प्रत्याशी हो रहे बौने साबित निर्दलीय कई वार्डों में बदलेंगे तस्वीर

अनूपपुर (ब्यूरो) काफी लंबे समय बाद होने जा रहे स्थानीय निकाय के चुनाव को लेकर लोगों में उत्सुकता काफी है।अब सभी लोग 13 जुलाई का इंतजार कर रहे है जब वह अपने पसंदीदा उम्मीदवार को अपना मत ईवीएम में कैद कर 20 जुलाई का बेसब्री से इंतजार करेंगे।टिकट वितरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी दोनों ही विवादों से घिरी रही जमीनी कार्यकर्ता टिकट नहीं पाकर दोनों ही दल से आयातित लोगों को टिकट देना पुराने एवं जमीनी कार्यकर्ताओं को नाराज कर दिया जिसका परिणाम यह हुआ की अनूपपुर नगर पालिका में कांग्रेस एवं भाजपा के खिलाफ उन्हीं के दल के जमीनी कार्यकर्ता जो निर्दलीय रूप से और पार्टी से निष्कासित हो चुके हैं चुनाव मैदान पर दोनों ही दलों के अधिकृत प्रत्याशियों को चुनौती दे रहे हैं। नगर




पालिका अनूपपुर का परिणाम भी इस बार चौकाने वाला आता दिख रहा है।निर्दलीयों का बोलबाला ज्यादा रहेगा अपेक्षा भाजपा एवं कांग्रेस के।नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 3, 5,8,9,11,12,13,14में निर्द लीयों का बोलबाला कुछ ज्यादा ही बढ़ चढ़कर दिख रहा है व्यापक जनसमर्थन निर्दलीय प्रत्याशियों को मिल रहा है।अब 20 जुलाई को ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि कौन कितने पानी में है।नगर पालिका चुनाव को लेकर जहां भारतीय जनता पार्टी में मंत्री बिसाहूलाल सिंह के नेतृत्व में टिकट का वितरण हुआ है वहीं कांग्रेस पार्टी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को छोड़कर कार्यवाहक अध्यक्ष के इशारे पर टिकट का वितरण हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने 15 वार्डों में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं देकर मुस्लिमों को नाराज किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी ने दो मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देकर एक नया इतिहास बनाया है।नगर पालिका अनूपपुर के 15 वार्डों में इस समय चुनावी प्रचार पूरे उफान पर है डीजे की धुन लोगों के कानों को कुछ देर के लिए भी आराम नहीं दे रही वही घर घर एक के बाद एक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का आना जाना निरंतर जारी है।धीरे-धीरे यह क्रम काफी तेज गति पकड़ रहा है।अभी तक कांग्रेस पार्टी से कोई भी वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार में नहीं पहुंचे है जबकि भारतीय जनता पार्टी से खाद्य मंत्री बिसाहू लाल सिंह प्रचार अभियान को धीरे-धीरे गति दे रहे है।देखा गया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी चुनाव प्रचार में पार्टी के बगावत कर रहे लोगों को मनाने के लिए अनूपपुर तक आए थे लेकिन उनकी कोशिश भी नाकाम रही।कोई भी निर्दलीय प्रत्याशी उनके बुलावे पर उनके पास नहीं गया।नगर पालिका क्षेत्र की जनता भी अब बदलाव के मूड में आ चुकी है और वह निर्दलीय प्रत्याशी को ही चुनने का मूड बना रही है।

प्रचार तो सभी लोग भाजपा कांग्रेस एवं निर्दलीय पूरे शबाब पर कर रहे है अब मतदाता किसे चुनता है इसका आकलन लगा पाना टेढ़ी खीर है।20 जुलाई को जब मतगणना होगी तब ही सही रिजल्ट जनता के पटल पर उभर कर सामने आएगा।उसके बाद नगरपालिका के सिंहासन पर कौन विराजमान होगा इसको लेकर निर्वाचित पार्षदों के मध्य फैसले की घड़ी होगी किसका पलड़ा भारी होगा यह पार्षदों के निर्वाचन होने के बाद स्पष्ट हो पाएगा।एक बात जो सबसे महत्वपूर्ण देखी जा रही है वह यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर महिला ही अध्यक्ष बनेगी इसको लेकर महिलाओं में कुछ ज्यादा ही उत्सुकता देखने को मिल रही है और यह भी देखा जा रहा है की महिला उम्मीदवार अपने घर का कार्य छोड़ कर नगर की सेवा के लिए घर-घर मतदाताओं के पास कई कई चक्कर लगाकर अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रही है और महिलाओं को नगर पालिका क्षेत्र में व्यापक जन समर्थन भी मिल रहा है।

# अब यूटीएस एप से टिकट की सुविधा प्रारंभ विंडो पर नहीं लगाना पड़ेगी लाइन

अनूपपुर ( ब्यूरो) अब प्लेटफॉर्म टिकट,यात्री टिकट और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) के लिए यात्रियों और उनके परिजनों को टिकट विंडो पर लाइन नहीं लगाना पड़ेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर कटनी रेल सेक्शन में पड़ने वाले स्टेशनों पर अब यूटीएस मोबाइल एप के जरिए प्लेटफॉर्म टिकट,यात्री टिकट और एमएसटी बनवाने के लिए यात्रियों को स्टेशन से न्यूनतम 30 मीटर और अधिकतम 5 किमी के दायरे में होना जरूरी है जहां से वह अपनी टिकट बना सकते हैं। बताया गया कि यात्रियों को अपने ई-वॉलेट के माध्यम से पेमेंट करना होगा। यूटीएस मोबाइल एप की सुविधा कोरोना काल में बंद हो गई थी, जो फिर से बहाल कर दी गई है।

# शा.तुलसी महावि. के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वालंटियर्स ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

अनूपपुर (ब्यूरो) शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की रासेयो इकाई द्वारा 8 जुलाई 2022 शुक्रवार को स्थानीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत प्राचार्य डॉ.विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली शासकीय सूची महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय से होकर पुनः महाविद्यालय आकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में रासेयो



# ईद-उल-जुहा पर्व के दौरान जिले में कानून व्यवस्था हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

अनूपपुर (ब्यूरो)10 जुलाई रविवार को ईद-उल-जुहा का त्यौहार होने से कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने के लिए अनूपपुर ,चचाई , फुनगा, भालूमाडा,जैतहरी, वेंकटनगर,कोतमा ,बिजुरी ,राजनगर, राजेंद्रग्राम ,अमरकंटक , करन पठार थाना क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अपर जिला दंडाधिकारी सरोधन सिंह ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति संबंधित थाना क्षेत्रों के लिए की है।उन्होंने सभी नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट को निर्धारित थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्य पालिक दंडाधिकारीयों के कार्य क्षेत्र में युक्तियुक्त परिवर्तन कर सकेंगे तथा अपने अनुभव अंतर्गत कानून व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी होंगे।

के वालंटियर्स के साथ अन्य छात्र,छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मतदाता जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने आम जनमानस को नारों के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया।रैली में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो. संगीता बासरानी, प्रो.विनोद कुमार कोल,डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय,डॉ. तरन्नुम सरवत,प्रो. सूरज पारवानी,क्रीड़ा अधिकारी डॉ.इंद्र नारायण, प्रो. शाहबाज खान समेत वरिष्ठ वालंटियर्स सत्यम केशरवानी,साक्षी पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मतदान केंद्रों का

# मतदान केंद्रों का एडीएम ने लिया जायजा



अनूपपुर (ब्यूरो) नगरीय निकाय अनूपपुर आम निर्वाचन को दृष्टिगत रख अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह ने नगर पालिका अनूपपुर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुरूप आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि दो दिवस के अंदर मतदान केंद्रों की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए जिससे सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य को संपन्न कराया जा सके।